# लाखों की शराब तस्करी में 10 साल से फरार बदमाश गिरफ्तार

## एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने आरोपी ट्रक ड्राइवर को हरियाणा से दबोचा

**जयपुर** (कासं)। एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने सीआईए रोहतक टीम की मदद से लाखों रुपए की अवैध अंग्रेजी शराब हरियाणा से गुजरात तस्करी करने के मामले में 10 सालों से फरार चल रहे आरोपी ट्रक मालिक राजकुमार निवासी करोथा जिला रोहतक हरियाणा को उसके गांव से दस्तयाब करने में सफलता हासिल की है। बासंवाड़ा से 20 हजार रुपये इनामी उक्त आरोपी को जिले की कोतवाली थाना पुलिस को सौंप दिया गया।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स दिनेश एमएन ने बताया कि बांसवाड़ा जिले की कोतवाली थाना पुलिस ने 19 मार्च 2015 को नाकाबंदी तोड़कर भागे ट्रक को दाहोद लिंक रोड पर रोक लाखों रुपये कीमत की हरियाणा निर्मित अवैध शराब के 500 कार्टन व साबुन व सर्फ के 800 कार्टन जप्त कर मामले में दो तस्करों को गिरफ्तार किया था।

आरोपी फर्जी सॉप फैक्ट्री व ट्रांसपोर्ट कम्पनी के बिल और बिल्टी की आड़ में हरियाणा निर्मित अवैध शराब गुजरात तस्करी कर ले जा रहे थे। मामले में आरोपी ट्रक मालिक राजकुमार घटना के बाद से ही फरार चल रहा था।



एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने शराब तस्करी के आरोपी को दबोचा।

एमएन ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए बांसवाड़ा एसपी द्वारा 20 हजार का इनाम घोषित किया गया था। सूचना संकलन के दौरान एजीटीएफ के सदस्य एएसआई शैलेंद्र शर्मा व कांस्टेबल बृजेश कुमार शर्मा को सूचना मिली कि उक्त इनामी आरोपी दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, बिहार और उत्तर प्रदेश में ट्रक चलाकर फरारी काट रहा है, जो फिलहाल अपने गांव आया हुआ है। इस सूचना पर उप निरीक्षक सुभाष

■ बांसवाड़ा पुलिस ने आरोपी कर 20 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा है

सिंह तंवर के कोर्डिनेशन में एएसआई शैलेंद्र शर्मा, हेड कांस्टेबल मदन लाल, अरुण कुमार, कांस्टेबल बृजेश कुमार व कुलदीप सिंह की टीम को रोहतक रवाना किया गया। टीम ने स्थानीय सीआईए सेकंड रोहतक की टीम की सहायता से आरोपी राजकुमार के गांव करोथा में घेराबंदी कर आरोपी को डिटेन कर लिया। जिसे अग्रिम कार्रवाई के लिए थाना कोतवाली बांसवाड़ा के एएसआई वीरेंद्र पाल सिंह एवं हेड कांस्टेबल सोहन लाल को सुपुर्द किया गया।

इस संपूर्ण कार्रवाई में एएसआई शैलेंद्र कुमार व कांस्टेबल बृजेश कुमार की विशेष भूमिका, हेड कांस्टेबल मदन लाल, अरुण कुमार व कांस्टेबल कुलदीप सिंह की सराहनीय भूमिका रही। रोहतक सीआईए टीम से एएसआई संत कुमार, दिनेश कुमार व हेड कांस्टेबल विकास कुमार शामिल थे।

# कांस्टेबल पर दिनदहाड़े हमला कर लूटने का प्रयास किया

■ बाइक पर आए थे दो बदमाश, अशोक नगर में हुई वारदात

**जयपुर** । राजधानी में बदमाशों के हौसलें बुलंदी पर है। जहां अशोक नगर थाना इलाके में बदमाशों ने दिनदहाड़े एक पुलिस कांस्टेबल को लूटने का प्रयास किया। लेकिन कांस्टेबल ने साहस दिखाया और बदमाशों को वहां से भागना पड़ा। बदमाशों के हमले में कांस्टेबल चोटिल हो गया।

पुलिस के अनुसार सोमवार को बाइक पर चल रहे कांस्टेबल पर कुछ बदमाशों ने हमला कर दिया। इस हमले में कांस्टेबल के सिर और शरीर पर चोट लगी हैं। बाइक पर चल रहे पुलिसकर्मी को नीचे गिराने के बाद आरोपियों ने उसका बैग लूटने का पूरा प्रयास किया। कांस्टेबल ने बैग नहीं छोड़ा। जिस पर बदमाशों ने उससे मारपीट शुरू की। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच अधिकारी एसआई घनश्याम ने बताया कि कांस्टेबल राजूराम (33) ने शिकायत दी कि वह एसीपी अशोक नगर के कार्यालय में पदस्थापित हैं। 3 फरवरी को वह दोपहर सवा 2 बजे से 2.50 के बीच पृथ्वीराज रोड तिलक मार्ग कट सी स्कीम से निकल रहा था। इसी दौरान एक बाइक पर सवार दो बदमाश उसकी चलती बाइक के पास आए। पीछे बैठे एक युवक ने बाइक को पीछे से लात मारी। इससे बाइक का संतुलन बिगड़ गया। कांस्टेबल चलती बाइक के साथ सड़क पर गिर गया।इसी दौरान मौके पर कुछ लोग आए और उसका बैग छीनने लगे। बैग नहीं देने पर बाइक सवार और अन्य कुछ युवकों ने मारपीट शुरू कर दी। ये बदमाश पीड़ित कांस्टेबल का बैग लूटना चाहते थे। बैग नहीं मिलने पर बाइक सवार युवकों ने उस पर हमला कर दिया। जान से मारने के लिए वार करते रहे। इस पर पीड़ित ने शोर करना शुरू किया। बदमाश मौके से भाग निकले।

# मोबाइल स्नैचर गिरफ्तार

**जयपुर** । कानोता थाना पुलिस ने झपट्टा मारकर मोबाइल और चेन स्नेचिंग करने वाला शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी के पांच मोबाइल और वारदात में प्रयुक्त एक बाइक बरामद की है। पुलिस आरोपी से पूछताछ करने में लगी है। पुलिस उपायुक्त तेजस्वनी गौतम ने बताया कि कानोता थाना पुलिस ने झपट्टा मारकर मोबाइल और चेन स्नेचिंग की वारदात करने वाले आरोपी सुनील प्रजापत निवासी रामजीपुरा जिला जयपुर फागी हाल आगरा रोड को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 5 मोबाइल और एक बाइक बरामद की है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

# 'सरस घी को मिला राज्य के मंदिरों का विश्वास'

## जनवरी माह में 3843 टन रिकॉर्ड घी की बिक्री हुई : श्रुति भारद्वाज

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर** । जयपुर के आराध्य गोविन्ददेवजी हों, चित्तौड़गढ़ के सांवलिया सेठ या फिर बीकानेर का करणी माता देशनोक मंदिर, राज्य के सभी प्रमुख मन्दिरों से अब आरसीडीएफ के प्रतिष्ठित सरस ब्रांड के घी की डिमांड में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन की प्रशासक और प्रबन्ध संचालक श्रुति भारद्वाज ने बताया कि मंदिरों को उनकी माँग के अनुरूप वितरक दर पर शुद्ध और ताजा सरस घी उपलब्ध कराया जा रहा हैद्ध ताकि भक्तजनों को पूजा अर्चना और भोग प्रसाद वितरण के लिए उच्च गुणवत्तायुक्त घी उपलब्ध हो सके।

श्रुति भारद्वाज ने बताया कि राज्य की समृद्ध धार्मिक परंपराओं में उच्च गुणवत्ता वाले घी का विशेष महत्व है। आरसीडीएफ द्वारा पिछले काफी समय से ये प्रयास किये जा रहे थे कि वोकल फॉर लोकल की तर्ज पर राज्य के मंदिरों में पूजा अर्चना और प्रसाद के लिये राज्य की सहकारी डेयरियों द्वारा उत्पादित उच्च गुणवत्तायुक्त सरस घी के उपयोग को बढावा दिया जावे। आरसीडीएफ की केन्द्रीय गुण नियन्त्रण प्रयोगशाला सहित राज्यभर की सभी सहकारी डेयरियों द्वारा यह प्रयास किये गये कि गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाये और मंदिरों में उच्च गुणवत्तायुक्त घी की सप्लाई की जावे।

उन्होंने बताया कि आरसीडीएफ के सरस ब्रांड के घी के पैक्स पर क्यू आर कोड से आम उपभोक्ताओं में विश्वास बढ़ा है और अब वे स्वयं सरस घी के पैक की सभी डिटेल्स जांच सकते हैं। राज्य में सरस घी के विपणन में पिछले वर्ष की तुलना में 21 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। पिछले वर्ष माह अप्रेल से जनवरी के दौरान 18723 टन घी की बिक्री हुई थी, जबकि चालू वित्तीय वर्ष में यह बिक्री 22599 टन तक पहुंच गई है। इसी प्रकार माह जनवरी, 2025 में राज्यभर में 3843 टन की बिक्री हुई है जो कि किसी माह में अब तक का सर्वाधिक रिकार्ड है। उन्होंने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में आरसीडीएफ एवं सम्बद्व जिला दुग्ध संघों द्वारा पिछले वर्ष की तुलना में 40 प्रतिशत अधिक वित्तीय लाभ भी अर्जित किया है।

# सूर्य सप्तमी पर निकाली चारदीवारी में शोभायात्रा

**जयपुर** । माघ शुक्ल सप्तमी मंगलवार को सूर्य सप्तमी भक्तिभाव से मनाई गई। ठिकाना मंदिर श्री गोविंददेवजी में सूर्य सप्तमी पर मंगला झांकी के बाद ठाकुर श्रीजी का पंचामृत अभिषेक कर केसरिया रंग की लप्पा जामा सर्दी पोशाक धारण करवाई गई। खीर और मालपुआ का भोग लगाया गया। अद्वैताचार्य महाप्रभु जयंती उपलक्ष्य में पूजन किया गया। गलता घाटी स्थित सूर्य मंदिर में मुख्य आयोजन हुआ। मंदिर के पुजारी बसंत कुमार शर्मा, कामेश्वर प्रसाद शर्मा, अजय शर्मा ने सुबह वेद मंत्रोच्चार के साथ पंचामृत अभिषेक कर नवीन पोशाक धारण कराई। श्रृंगार आरती के बाद भगवान भास्कर सात अश्वों पर सवार होकर नगर भ्रमण पर निकले। गलता गेट से पूर्व बैंड बाजे, ऊंट, घोड़े, हाथी के लवाजमे के साथ शोभायात्रा की शुरुआत हुई। कनक बिहारी मंदिर के महंत सियारामदास, भाजपा नेता रवि नैयर, चंद्रमोहन बटवाड़ा, पं. राजकुमार चतुर्वेदी ने आरती कर शोभायात्रा को रवाना किया। मंदिर के पुजारी कामेश्वर प्रसाद शर्मा ने बताया कि रामगंज चौपड़ पर नगर निगम के पूर्व चेयरमैन अजय यादव ने पुष्प वर्षा की और सूर्य भगवान की आरती उतारी। बड़ी चौपड़ होते हुए शोभायात्रा छोटी चौपड़ पहुंचेगी। यहां स्वामी अवधेशाचार्य महाराज, जयपुर नगर निगम हैरिटेज की महापौर कुसुम यादव, राजू मंगोड़ीवाला मौजूद थे।

# राजस्थान के पावर प्लांट में उत्पादन कम, फिर ज्वाइंट वेंचर पर हस्तांतरण क्यों?

■ सूरतगढ़ विधायक डूंगरराम गेदर ने इस मुद्दे पर सरकार से जवाब मांगा

**जयपुर** । सूरतगढ़ विधायक डूंगरराम गेदर ने प्रदेश की बीजेपी सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए जनता से जुड़े कई मुद्दों पर अपना पक्ष रखा। राजस्थान विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर बोलते हुए गेदर ने बीजेपी सरकार पर आरोप लगाया कि पिछले एक साल में ऐसा कोई ठोस कार्य नहीं किया, जिससे किसानों, मजदूरों, व्यापारियों, महिलाओं, युवाओं, अनुसूचित जाति-जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, विशेष पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यकों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को लाभ मिल सके।

डूंगर राम गेदर ने कहा कि सरकार प्रदेश में ऊर्जा उत्पादन को बेहतर बताने का दावा कर रही है, लेकिन छबड़ा थर्मल पावर प्लांट को को सौंपने का निर्णय सवालों के घेरे में है। उन्होंने बताया कि राजस्थान के पावर प्लांट में उत्पादन कम लागत में हो रहा है, फिर भी इन्हें ज्वाइंट वेंचर के नाम पर हस्तांतरित किया जा रहा है। किसानों को पर्याप्त बिजली उपलब्ध नहीं है और हजारों ट्रांसफार्मर व बिजली मीटर खराब पड़े हैं। वर्ष 2013-2018 बीजेपी सरकार के दौरान सरकारी स्कूलों और अस्पतालों को मॉडल पर देने की आलोचना करते हुए कहा कि अच्छी स्कूलों को निजी हाथों में सौंपा गया। उन्होंने सूरतगढ़ के दो स्कूलों का जिक्र करते हुए इसे शिक्षा व्यवस्था को कमजोर करने की साजिश बताया।

डूंगर राम गेदर ने किसानों के लिए बिजली आपूर्ति, सिंचाई के पानी की कमी, यूरिया की कालाबाजारी और फसल बीमा योजना में भ्रष्टाचार पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में चकबंदी और खातेदारी का कार्य ठप पड़ा है। किसान अपनी जमीन बेचने और घोटालों के कारण आर्थिक संकट झेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा के नाम दादी की लगाई हुई खेजड़ी तक काटी जा रही है। सूरतगढ़ के 9 करोड़ रुपये के मिनी बैंक घोटाले का जिक्र करते हुए कहा कि गरीबों, विधवाओं और किसानों के पैसे डूबने के बावजूद सरकार दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं की जा रही।

# कालवाड़ रोड पर पुलिया निर्माण शुरू

**जयपुर** (कासं)। कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ अपना हर किया हुआ वादा पूरा कर रहे हैं। कर्नल राठौड़ के सार्थक प्रयासों से बांडी नदी, कालवाड़ रोड पर नई पुलिया निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इस निर्माण कार्य की लागत 4.07 करोड़ है, पुलिया की लंबाई 286 मी. और चौड़ाई 7.5 मी. (2 लेन) है। जनता और कार्यकर्ताओं ने कर्नल राठौड़ के इस सराहनीय काम की प्रशंसा करते हुए आभार जताया है।

कर्नल राठौड़ ने कहा, इस नई पुलिया के निर्माण से क्षेत्र में यातायात की गति तेज होगी, जिससे लोगों को लंबी दूरी तय करने में समय की बचत होगी और यात्रा सुगम, सुरक्षित और सरल होगी। इसके निर्माण से आसपास के क्षेत्रों में व्यापार और अन्य गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

# राज्यपाल से मिले लातूर के विद्यार्थी

**जयपुर** । राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से मंगलवार को राजभवन में मास्टर दीनानाथ मंगेशकर महाविद्यालय, लातूर के विद्यार्थियों ने प्रो. सचिन उत्तम राव के नेतृत्व में मुलाकात की। इस दौरान राज्यपाल बागडे ने महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं से आत्मीय संवाद किया और राजस्थान प्रवास के उनके अनुभव सुने।

# 'जयपुरिया अस्पताल में पार्किंग ठेकेदार ने पर्चियों पर छपवाया दुगुना शुल्क'

## अस्पताल में दुपहिया वाहन चालकों से 10 के बजाय 20 और चौपहिया वाहनों से 20 के बजाय 40 रुपये का शुल्क खुलेआम वसूला जा रहा













**जयपुर** । जयपुरिया हॉस्पिटल की भूमिगत पार्किंग में आमजन से जबरन दुगुना शुल्क वसूला जा रहा है, लेकिन अस्पताल प्रशासन ठेकेदार की मनमानी पर आंखें मूंदे बैठा है। यहां दुपहिया वाहन चालकों से 10 रुपये के बजाय 20 और चौपहिया वाहन चालकों से 20 रुपये के बजाय 40 रुपये वसूले जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि अस्पताल में रोजाना करीब 1 हजार दुपहिया और करीब 300 चौपहिया वाहन खड़े होते है। ऐसे में करीब 15 से 20 हजार रुपये की अवैध वसूली हो रही है।

यूं तो जयपुरिया अस्पताल सरकारी है, यहां हर चिकित्सा सुविधा फ्री है, लेकिन पार्किंग शुल्क के नाम पर प्राइवेट ठेकेदार खुलेआम लोगों से मनमाना शुल्क वसूल रहा है। ऐसा नहीं है कि अस्पताल प्रशासन को

■ बताया जा रहा है कि अस्पताल में रोजाना करीब 1 हजार दुपहिया और करीब 300 चौपहिया वाहन खड़े होते है। ऐसे में करीब 15 से 20 हजार रुपये की अवैध वसूली हो रही है।

इसकी भनक नही है, परंतु कार्रवाई के नाम पर जिम्मेदार अधिकारी चुप्पी साधे बैठे है।

हैरानी की बात यह है कि ठेकेदार ने पार्किंग शुल्क की पर्चियां ही 20 और 40 रुपये की छपवा ली है, ताकि लोगों का विरोध नहीं झेलना पड़े। लोगों को यूं लगे कि यहां शुल्क ही इतना है।

सूत्रों की मानें तो जयपुरिया अस्पताल में दुपहिया वाहनों के लिए शुरूआती 10 घंटे के लिए 10 रु. और चौपहिया वाहनों के लिए 20 रु. शुल्क तय है, उसके बाद 24 घंटे के लिए के लिए क्रमशः 20 व 40 रुपये लिए जाते है। परंतु अस्पताल में आने वाले मरीजों को भले ही 1 घंटे रुकना हो, पार्किंग ठेकेदार उससे पूरा 24 घंटे का शुल्क वसूलकर मोटी कमाई करने में लगे है। यह पूरा खेल "कच्ची पर्चियों की आड़ में खेला जा रहा है, लेकिन अस्पताल प्रशासन आंखें मूंदे बैठा है।

अस्पताल प्रशासन की अनदेखी और लापरवाही के कारण लोगों को मजबूरन यह पैसा चुकाना पड़ रहा है। लोग जब ज्यादा रकम देने से मना करते हैं तो पार्किंग संभालने वाले कर्मचारी उनसे बदत्तमीजी करते हैं और ऊंची पहुंच होने की धौंस जमाते है। सोमवार को दो पीड़ित युवकों ने अपना दुपहिया व चौपहिया वाहन जब अस्पताल की पार्किंग में खड़ा किया तो उससे भी 20 और 40 रुपये शुल्क लिया गया। युवक ने इलेक्ट्रिक मशीन की पर्ची मांगी तो पार्किंगकर्मी ने कच्ची पर्ची थमा ली और कहा कि यहां तो यही मिलेगी।

इसके बाद युवक ने 20 व 40 रुपये का शुल्क ऑनलाइन भुगतान करते हुए इस पूरी अवैध वसूली का खुलासा किया। गत शुक्रवार को भी ऐसा मामला सामने आया था, परंतु अस्पताल अधीक्षक डॉ. महेश मंगल ठेकेदार पर कार्रवाई नहीं कर रहे। मंगलवार को जब अस्पताल के पार्किंग इंचार्ज डॉ. मुकेश डागर से बात की गई तो उन्होंने कहा कि अस्पताल में पार्किंग की अवैध वसूली मेरी जानकारी में नही है, अगर ऐसा है तो ठेकेदार को पत्र लिख देंगे।

# मिक्सर मशीन में 700 ग्राम सोना ला रहा तस्कर गिरफ्तार



**जयपुर** । सांगानेर एयरपोर्ट पर राजस्व खुफिया निदेशालय की टीम ने 700 ग्राम सोने की तस्करी करते हुए यात्री को गिरफ्तार किया। जब्त किए गए सोने की कीमत करीब 60 लाख रुपये आंकी गई है।

तस्कर एयर अरेबिया की फ्लाइट से सोमवार रात शारजाह से जयपुर आया था। वह मिक्सर ग्राइंडर मशीन में बड़ी ही सफाई से तस्करी का सोना छुपा कर ला रहा था। डी.आर.आई. टीम ने तस्कर की मिक्सर ग्राइंडर मशीन की जब तलाशी ली तो प्रारंभिक जांच में पाया कि मशीन के भीतर के पार्ट अलग है। इस पर टीम ने पूरी मशीन के पुर्जे अलग करके इसी जांच की तो इसमें 700 ग्राम सोना मिला। डी.आर.आई. टीम ने आरोपी को गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया। ज्ञात रहे कि डीआरआई टीम की जयपुर एयरपोर्ट पर पिछले 10 दिन में यह तीसरी कार्यवाही है।

# बस-बाइक की भिड़ंत में बाइक सवार की मौत

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर** । मालवीय नगर थाना इलाके के झालाना में सोमवार देर रात बाइक और बस में भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मामले की जांच दुर्घटना थाना पूर्व पुलिस कर रही है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जब्त कर थाने पर खड़ा करवा दिया है।

पुलिस के अनुसार मूलतः धौलपुर निवासी 26 वर्षीय अजय कुमार मीणा पुत्र केदार मल जगतपुरा में रहकर प्राइवेट जॉब करता था। बाजार से लौटने के दौरान रात करीब 9.30 बजे टीला नम्बर दो पर बस से उसकी बाइक की भिड़ंत हो गई। हादसे में अजय कुमार गंभीर रुप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे सेटेलाइट अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे एसएमएस अस्पताल रैफर कर दिया गया। जहां पर उसकी देर रात उपचार के दौरान मौत हो गई।

पुलिस ने हादसे की जानकारी मृतक के परिजनों को दे दी। परिजनों के जयपुर पहुंचने पर पोस्टमार्टम करवाकर शव को सौंप दिया गया। जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल दिलीप ने बताया कि बस और बाइक की टक्कर में बाइक सवार युवक की मौत हुई है। दोनों वाहनों को जब्त कर लिया गया। मृतक प्राइवेट नौकरी करता था।

## सार-समाचार

### 'छावा' के लिए जयपुर पहुंचे विक्की कौशल



**जयपुर** । आज के दौर के दर्शक सिर्फ मनोरंजन नहीं चाहते, बल्कि ऐसी कहानियां चाहते हैं, जो उनके दिल को छू लें, उन्हें इतिहास की गहराई में ले जाएं और इंसानी जज़्बातों को बड़े पर्दे पर जीवंत कर दें। इन्हीं भावनाओं को ध्यान में रखते हुए, हिंदी सिनेमा की भव्यतम और ऐतिहासिक फिल्म छावा कुछ ही दिनों में जीवंत अनुभव लेकर आ रही है, छत्रपति संभाजी महाराज की जीवन गाथा से दर्शकों को रूबरू कराएगी। इसी कड़ी में फिल्म के प्रमोशन के सिलसिले में मुख्य भूमिका निभा रहे अभिनेता विक्की कौशल जयपुर पहुँचे। राजमंदिर सिनेमा पर प्रोमो लांच के दौरान, विक्की फैंस और दर्शकों से मुखातिब हुए, जहाँ उन्होंने "खम्मा घणी जयपुर.." कहकर राजस्थान के अंदाज़ में सभी का अभिवादन किया। इसके बाद, मैरियट होटल में प्रेस मीट में , विक्की ने मीडिया के सवालों के जवाब दिए और फिल्म के बारे में विस्तार से बताया। फिल्म में अभिनय करने को लेकर उत्साहित अभिनेता विक्की कौशल, ने कहा, "छावा सत्य घटना पर आधारित फिल्म है, जो छत्रपति संभाजी महाराज की प्रेरणादायक कहानी को जीवंत करती है। सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि इतिहास की उस महान विरासत को श्रद्धांजलि है, जिसने हमारी संस्कृति और परंपरा को आकार दिया। मैं खुद को भाग्यशाली समझता हूँ कि छत्रपति संभाजी महाराज का किरदार मुझे निभाने मिला। मुझे पूरा विश्वास है कि दर्शक इस कहानी को अपने दिलों में हमेशा के लिए संजोकर रखेंगे।"

### स्व. मोहनदास अग्रवाल की जयंती मनाई



**जयपुर** । सूर्य सप्तमी पर राजू मंगोडीवाला और उनके परिवार ने अपने पिता स्व.मोहनदास अग्रवाल के जन्मदिन पर श्रद्धा और आस्था के साथ सूर्य भगवान की पूजा अर्चना की। यह पूजा विशेष रूप से छोटी चौपड़ पर आयोजित की गई, जिसमें परिवार के सभी सदस्य मौजूद रहे। इससे पूर्व गौशाला में गायों को हरा चारा एवं गुड़ खिलाया गया तथा अस्पताल में जरूरतमंद लोगों को फल भी बांटे गए। राजू मंगोडिवाला, जो कि स्व.मोहनदास जी के पुत्र हैं, ने इस विशेष पूजा का आयोजन किया और पारंपरिक विधि से सूर्य देवता की आराधना की और सूर्य देवता से सभी की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर उपस्थित करीब दो सौ लोगों ने भी दीपकों के साथ सूर्य भगवान की आरती की।

### बसंतोत्सव पर मनाया बंगाली फूड फेस्टिवल



**जयपुर** । मनिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर के होटल मैनेजमेंट विभाग ने वसंतोत्सव के अवसर पर एक शानदार बंगाली फूड फेस्टिवल का आयोजन किया। इस उत्सव में छात्रों और फैकल्टी ने बंगाली व्यंजनों की विविधता को प्रस्तुत किया, जिससे पूरे परिसर में बंगाल की पारंपरिक खुशबू और स्वाद बिखर गए। इस विशेष आयोजन में विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर प्रोफेसर एन. एन. शर्मा ने कहा कि ऐसे फूड फेस्टिवल से छात्रों को न केवल व्यंजन बनाने की कला में महारत हासिल होती है, बल्कि उन्हें भारतीय व्यंजनों की विविधता और संस्कृति को भी समझने का अवसर मिलता है। छात्रों ने अपने हुनर का प्रदर्शन करते हुए छोलर दाल, बसंती पुलाव, पायेश, पतिसप्ता जैसी पारंपरिक बंगाली डिशेज़ तैयार कीं। इन व्यंजनों की प्रस्तुति और स्वाद ने सभी का मन मोह लिया। होटल मैनेजमेंट विभाग के डीन प्रो. ब्रजेश कुमार ने छात्रों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से छात्रों का मनोबल बढ़ता है और वे भविष्य में भी ऐसे नवाचार करते रहेंगे। डिपार्टमेंट हेड प्रोफेसर शेफ सौरभ शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और इस आयोजन को सफल बनाने के लिए टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्रों को व्यावहारिक अनुभव मिलता है, जिससे वे कुकिंग इंडस्ट्री में नई ऊंचाइयों को छू सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान फैकल्टी और छात्रों ने मिलकर बंगाली भोजन की समृद्ध परंपरा को प्रस्तुत किया, जिससे यह उत्सव न केवल स्वाद का संगम बना बल्कि सीखने और संस्कृति को अपनाने का बेहतरीन मंच भी साबित हुआ।

### सराफ ने किया ट्यूबवेल का शिलान्यास

**जयपुर** । विधायक कालीचरण सराफ ने वार्ड 130 सेक्टर 13 मालवीय नगर में जलदाय विभाग के द्वारा लगाए जा रहे पांचवे (5)टय्यूबवेल का विधिवत पूजा करके शिलान्यास किया । नटवर कुमावत ने बताया की विधायक सराफ ने मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में वार्ड 129 मिलाप नगर वार्ड 145 जेपी कॉलोनी सी ब्लॉक वार्ड 133 वसुंधरा कॉलोनी,वार्ड126 सेक्टर 11 में टय्यूबवेल लगवाये हैं। स्थानीय पार्षद राजुला सिंह ने बताया कि सेक्टर 13 मालवीय नगर में पानी की समस्या रहती थी, सराफ के प्रयास से जलदाय विभाग के द्वारा टय्यूबवेल लगवाया जा रहा है जिसका आज शिलान्यास किया गया। स्थानीय लोगों की मांग पर सेक्टर 13 में सराफ ने विधायक कोष से सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाने की घोषणा की। स्थानीय लोगों एवं विकास समिति के पदाधिकारियों ने सराफ का माला एवं साफा पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर पार्षद हिमांशु जैन, अशोक मग्गो, तिलक गिरी गोस्वामी,जगदीश मीणा,वेद प्रकाश सिंह,मोहित,घनश्याम एवं अन्य स्थानीय लोग मौजूद थे।

### 10 किलो गांजे के साथ दो तस्कर पकड़े

**जयपुर** । जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप अभियान के तहत शिप्रापथ थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध गांजे सहित दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ 10 किलो 450 ग्राम गांजा सहित एक बाइक बरामद की है। पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ करने में जुटी है। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत सीएसटी ने शिप्रापथ थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थ की सप्लाई करने वाले आरोपी बालाराम मंहता एवं मंटू सरकार निवासी मूलतः कोनामाली कूच (बिहार ) हाल वैशाली नगर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से अवैध मादक पदार्थ 10 किलो 450 ग्राम गांजा सहित एक बाइक बरामद की है। पुलिस आरोपियों से अवैध मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ की जा रही है।

### महाकुंभ के लिए निकला युवक लापता

**जयपुर** । राजधानी जयपुर के एयरपोर्ट थाना थाना इलाके से महाकुंभ जाने के लिए निकले युवक के लापता होने का मामला सामने आया है। लापता युवक परिजनों को बोलकर निकला था कि तीन दिन में घर वापस आ जाएगा। सम्पर्क करने पर मोबाइल नंबर स्विच ऑफ मिला। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर लापता युवक की तलाश शुरू कर दी है। थानाधिकारी संदीप बसेरा ने बताया कि सिद्धार्थ नगर-ए एयरपोर्ट निवासी रामफूल मीना ने गुमशुदगी दर्ज करवाई है। उनका 21 साल का बेटा आशीष मीणा है। 30 जनवरी को महाकुंभ जाने की कहकर निकला था। महाकुंभ जाने के दौरान दो-तीन दिन में वापस घर आने की परिजनों को बोल कर गया था। घर से निकले के दो दिन बाद से ही उसका मोबाइल बंद हो गया। सम्पर्क करने के काफी प्रयास के बाद भी मोबाइल स्विच ऑफ मिला। परिजनों के अपने स्तर पर काफी तलाश की, लेकिन बेटे का कोई पता नहीं चला। एयरपोर्ट थाने में सोमवार रात लापता बेटे आशीष मीणा की गुमशुदगी दर्ज करवाई है। पुलिस लापता युवक की मोबाइल डिटेल व लोकेशन निकलवाने के साथ तलाश में जुटी है।

## संक्षिप्त

### अवैध देसी कट्टे सहित आरोपी गिरफ्तार

**राजगढ़।** जिला पुलिस अधीक्षक संजीव नैन के निर्देशन में राजगढ़ थाना पुलिस के थाना प्रभारी राजेश मीणा ने आर्म्स एक्ट में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसके कब्जे से एक देसी कट्टा एवं एक जीवित कारतूस बरामद किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार लोकल एवं स्पेशल एक्ट में कार्रवाई करते हुए अनिल उर्फ डूंगर सिंह निवासी हिंगोटा पुलिस थाना खेड़ली मोड़ भरतपुर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्टकी धाराओं में भुसावर एवं अन्य थानों में मामले दर्ज हैं। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

### साईबर प्रकरण में दो आरोपी गिरफ्तार

**टोंक।** जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में चलाये गये 30 दिवसीय विशेष अभियान साईबर शील्ड के तहत बृजेन्द्र सिंह भाटी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व मोटाराम बेनिवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मालपुरा के सुपरविजन में विशेष टीमों का गठन कर साईबर फ्रॉड प्रभावित क्षेत्रो में दबिश देकर कुल 4 प्रकरण दर्ज कर 2 आरोपीयो को गिरफ्तार किया जाकर उनके कब्जे से साईबर फ्रॉड में लिये जा रहे 3 मोबाईल जप्त किये गये। इसी प्रकार साईबर अपराधों में संलिप्त 111 सिमकार्ड व 169 आईएमईआई नम्बरों को ब्लॉक करवाया गया, ब्म्प् च्व्तजस के माध्यम से लगभग 32 लाख 29 हजार रूपये कीमत के 165 गुमशुदा मोबाईल बरामद कर मालिकों को सुपुर्द किये।

### परिवहन निरीक्षक संघ ने किया कार्य का बहिष्कार

**अलवर।** धोलपुर एसपी द्वारा डूयूटी पर तैनात परिवहन विभाग के निरीक्षकों के साथ अनुचित व्यवहार कर उन्हें हिरासत में रखे जाने के विरोध में एवं धोलपुर पुलिस अधीक्षक के खिलाफ कोई कार्यवाही नही किए जाने के विरोध में राजस्थान परिवहन परिषद के बैनर तले राजस्थान परिवहन निरीक्षक संघ ने एक ज्ञापन उप मुख्यमंत्री को दिया है और आज 4 फरवरी से अनिश्चित कालीन कार्य का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। उन्होंने अपने ज्ञापन में कहा है कि यदि समय रहते दोषी के खिलाफ कार्यवाही अमल में नही लाई तो रोड पर कार्य करने वाले निरीक्षकों का मनोबल गिरेगा। उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग स्वतंत्रा विभाग है जो अपने कार्य को अंजाम देने के लिए कभी भी कार्य कर सकता है हमारा काम सरकार के लिए राजस्व जुटाना है ।

### नॉन इण्टरलॉकिंग कार्य के कारण रेल यातायात प्रभावित

**फुलेरा।** उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मण्डल के भगत की कोठी यार्ड में तकनीकी कार्य हेतु नॉन इण्टरलॉकिंग ब्लॉक लिया जा रहा है। इस कार्य हेतु रेल यातायात प्रभावित रहेगा। उपरोक्त जानकारी देते हुए उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि उक्त कार्य के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित गाडी संख्या 14863, वाराणसी सिटी-जोधपुर रेलसेवा जो कि आगामी 23 फरवरी को (1ट्रिप) वाराणसी सिटी से प्रस्थान करते हुए राईकाबाग तक संचालित होगा।

### विशाल भण्डारा बुधवार को

**कोटपूतली।** कस्बे के नागाजी की गौर स्थित बिदाणी कृषि फॉर्म पर मंशा माता मंदिर में नवरात्रा अष्ट्मी पर पूजा पाठ व सुन्दरकाण्ड का आयोजन किया जायेगा। आयोजक सूर्यकान्त मणि, मुकेश बिदाणी ने बताया कि विशाल भण्डारा 05 फरवरी बुधवार को दोपहर 12 बजे से प्रारम्भ होगा।

नम्बर मिलाइए 9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

# तीन दिवसीय शिविर को लेकर कलेक्टर ने ली अधिकारियों की बैठक

**अलवर।** जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय अधिकारियों की मौजूदगी में समस्त उपखण्ड अधिकारियों सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक लेकर एग्रीस्टैक योजना के तहत 5 फरवरी से जिले की हर ग्राम पंचायत में आयोजित होने वाले फार्मर रजिस्ट्री शिविरों की तैयारियों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

इस दौरान एडीएम प्रथम मुकेश कायथवाल, एडीएम द्वितीय योगेश डागुर, जिला परिषद के सीईओ सालुखे गौरव रविन्द्र, उपखण्ड अधिकारी अलवर यशार्थ शेखर सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी एवं वीसी के माध्यम से समस्त उपखण्ड अधिकारी व विकास अधिकारी मौजूद रहे।

जिला कलेक्टर ने संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों, उपखण्ड अधिकारियों व विकास अधिकारियों से शिविर के लिए की गई तैयारियों का प्रजेन्टेशन लिया। उन्होंने निर्देश दिये कि इन शिविरों में दिये जाने वाले लाभों व सेवाओं की पूर्ण तैयारी के साथ-साथ आमजन तक इन शिविरों की सूचना विभिन्न माध्यमों से सम्प्रेषित कराना सुनिश्चित करावें।

शिविरों में जनप्रतिनिधिगणों को भी आमंत्रित करे। उन्होंने निर्देश दिये कि जिला प्रशासन द्वारा इन शिविरों में फार्मर आईडी रजिस्ट्रेशन करने के साथ अन्य योजनाओं का भी लाभ दिया जाएगा। जिसमें जिला नवाचार के तहत आयुष्मान कार्ड की ई-केवाईसी कराने के साथ, मुख्यमंत्री आरोग्य आयुष्मान योजना, घुमंतु परिवारों को पट्टे की कार्यवाही के कार्य, मनरेगा के फॉर्म, पीएम आवास की बकाया किस्त व नये आवेदन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन व पालनहार का वेरिफिकेशन, पीएम सूर्यघर योजना के आवेदन, पीएम फसल बीमा योजना पोलिसी वितरण, सोयल हैल्थ कार्ड, मंगला पशु बीमा योजना, श्रम विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, सहित अन्य विभागों की योजनाओं से भी किसानों को लाभांवित किया जाएगा।



पंचायत पर लगने वाले शिविर की तैयारीयों को लेकर समीक्षा बैठक करती जिला कलेक्टर शुक्ला।

उन्होंने राजस्थान सम्पर्क पोर्टल, नियमित जनसुनवाई तथा उच्च स्तर से प्राप्त परिवेदनाओं की समीक्षा कर निर्देश दिये कि इन सभी परिवेदनाओं का प्राथमिकता से समयबद्ध एवं गुणवत्ता के साथ निस्तारण सुनिश्चित करे। उन्होंने निर्देश दिये कि बजट घोषणाओं व विकास कार्यो की प्रभावी मॉनिटरिंग करे ताकि इनका लाभ आमजन को समयबद्ध रूप से मिल सके। उन्होंने आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु फील्ड निरीक्षण करने पर जोर दिया। उन्होंने उपखण्ड अधिकारियों को निर्देश दिये कि आगामी ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर रखते हुए अपने क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति की कार्ययोजना बनाये।

**हर किसान को मिलेगी 11 अंकों की एक विशिष्ट पहचान :** जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि किसान रजिस्ट्री, एग्रीस्टैक परियोजना के तहत कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार की एक पहल है। कृषक विवरण (कृषक का जनसांख्यिकीय विवरण, उसके द्वारा धारित कृषि भूमि का विवरण, प्रत्येक कृषि भूखण्ड के जीपीएस निर्देशांक, उस पर बोई गई फसलों का विवरण आदि) को डिजिटल इंफास्ट्रक्चर में संकलित किया जाकर जिले के प्रत्येक किसान को 'आधार' आधारित एक 11 अंकों की एक यूनिक आईडी (विशिष्ट किसान आईडी) आवंटित की जाएगी, जिससे किसान डिजिटल रूप से अपनी पहचान प्रमाणित कर सकेंगे। किसान आईडी डिजिटली सत्यापन योग्य पहचान है, जिसे.... पोर्टल पर जाकर प्राप्त कर सकते है।

फार्मर आईडी जनरेट होने के बाद भूमि संशोधन (खसरा जोड़ने या हटाने) के लिए पटवारी, भू-अभि. निरीक्षक या तहसीलदार से सम्पर्क किया जा सकता है। इस हेतु मोबाइल एप/वेबसाइट द्वारा जिले के समस्त कृषकों के स्वामित्व वाले सभी खसरों को सम्मिलित करते हुए कृषक के 'आधार' से लिंक कराया जायेगा, तत्पश्चात कृषक से ऑनलाइन सहमति प्राप्त करते हुए ई-हस्ताक्षर की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

■ जिले भर में आज से प्रारम्भ होंगे फार्मर रजिस्ट्री शिविर फार्मर आईडी के अतिरिक्त किसानों को विभागीय योजनाओं से भी किया जाएगा लाभांवित

**सरल है किसान आईडी बनवाने की प्रक्रिया :** जिला कलक्टर ने बताया कि शिविर कार्यक्रमानुसार 5 फरवरी से 31 मार्च तक जिले में सभी ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर तीन दिवसीय शिविर आयोजित होंगे। शिविरों का आयोजन प्रात: 9:30 बजे से सायं 5:30 बजे तक किया जाएगा। किसान अपनी कृषि भूमि से संबंधित ग्राम पंचायत के शिविर में जाकर फार्मर आईडी बनवा सकते है। फार्मर आईडी बनाने के लिए किसान को महज अपना आधार कार्ड, आधार से लिंक्ड मोबाइल नम्बर वाला फोन और नवीनतम जमाबंदी लेकर शिविर में आना होगा।

## सार-समाचार

### भामाशाह सम्मान समारोह 9 को

**निवाई।** भगवान श्री विश्वकर्मा मंदिर में सम्मेलन समिति तहसील सभा एवं विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में जिला अध्यक्ष बद्रीलाल जांगिड़, तहसील अध्यक्ष नारायणलाल जांगिड़, विकास समिति अध्यक्ष रामेश्वरप्रसाद जांगिड़, संमेलन अध्यक्ष महेंद्र जांगिड़ व युवा प्रकोष्ठ तहसील अध्यक्ष मनोज जांगिड़ की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। जिसमें मंदिर शिखर निर्माण, छात्रावास निर्माण व प्रतिभा सम्मान समारोह को लेकर चर्चा की गई। विकास समिति सचिव मनीष बहकवा व तहसील महामंत्री रामविलास जांगिड़ ने बताया कि सम्मान समारोह में कक्षा 10वीं, 12वीं व ग्रेजुएशन में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त प्रतिभाओं व पंचम आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन में सहयोग करने वाले समस्त भामाशाहों का सम्मान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रतिभावान छात्र-छात्राएं अपनी अंक तालिका की छाया प्रति व एक पासपोर्ट साइज का फोटो विश्व भारती माध्यमिक विद्यालय में 8 फरवरी तक जमा करवा सकते हैं। बैठक में सर्वसम्मति से गुंबद निर्माण का टेंडर किया गया। इस दौरान कोषाध्यक्ष सुरेश जांगिड़, किशन लाल जांगिड़, घनश्याम जांगिड़, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश जांगिड़, हनुमान जांगिड़, चौथमल जांगिड़, पूरणमल जांगिड़, सत्यनारायण जांगिड़ व शंकरलाल जांगिड़ सहित समाज के कई लोग मौजूद थे।

### सिंगोदिया का जन्मदिन मनाया

**टोंक।** भाजपा नेता व माली (सैनी) समाज के जिला संरक्षक कमलेश सिंगोदिया का जन्म दिवस मंगलवार को मदरलैंड शिक्षण संस्थान में धूमधाम से मनाया गया। शिक्षाविद् और माली (सैनी) समाज जिला संरक्षक कमलेश सिंगोदिया के जन्मदिवस के मौके पर गोल डूंगरी कामधेनु दर्शन गौशाला में गायों को चारा डाला गया, इसके पश्चात मदरलैंड शिक्षण संस्था परिसर में सिंगोदिया के परिचितों और शुभचिंतक माली (सैनी) समाज कार्यकारी जिलाध्यक्ष राहुल सैनी, ज्योतिबा शिक्षण संस्था के सचिव रामावतार टॉक, ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा, यशवर्धन शिक्षण संस्थान के डायरेक्टर मुकेश सैनी, वरिष्ठ समाजसेवी इंजीनियर भेरूलाल सैनी, माली समाज सदर अध्यक्ष अचलेश सैनी, शुभम सोनी, सीताराम टॉक, नदीम अख्तर, गिर्राज गुर्जर, मार्शल क्रिकेट क्लब के अध्यक्ष भागचंद मसाणिया, पत्रकार भगवान सहाय शर्मा, समीर उरहमान, सत्यनारायण चावला, प्रेम रघुवंशी, सुरेंद्र गुप्ता, वजाहत अख्तर, रविंद्र जौहरी, रवि सैनी, कमलेश सैनी, हेमन्त पहाड़िया इत्यादि ने सिंगोदिया को आवास और दूरभाष पर जन्मदिवस की शुभकामनायें दी।

### विशाल भण्डारा 8 को

**कोटपूतली।** ग्राम पाथरेड़ी स्थित बाबा भोमियां जी महाराज मंदिर के सामने भोमियां बाबा मंदिर पर शिवालय एवं बजरंग बली मंदिर, राजकीय विधालय में माँ सरस्वती की मूर्ति स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विशाल भण्डारा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन 8 फरवरी को किया जायेगा।

**आम सूचना**

मेरा अभिभाष्य श्री नासिर खान पुत्र श्री फकीर मोहम्मद, निवासी- प्लाट नं. 277, केसर वाटिका, खो-नागोरियान, जगतपुरा, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर, राजस्थान में रहता है। वाके ग्राम मानगढ खोखावाला पटवार क्षेत्र मानसरखेडी अंतर्गत तहसील बस्सी जिला जयपुर में स्थित भूमि खाता संख्या 242 पुराना 235 खसरा नम्बर 472/ 91 रकबा 8884 हैक्टयर हिस्सा भूमि संपूर्ण एवं 473/91 रकबा .0441 हैक्टयर हिस्सा 1/2 की खातेदारी मेरे अभिभाष्य के नाम से हाल राजस्व रिकॉर्ड जमाबंदी में मेरे अभिभाष्य के नाम से दर्ज है जिसका मेरा अभिभाष्य काबिज दाखिल मालिक स्वामी रहा। उक्त वर्णित भूमि कृषि योग्य नहीं रहने के कारण मेरे अभिभाष्य ने उक्त भूमि में पारस फार्म्स के नाम से कॉलोनी विकसित कर भूखण्डों में विभाजित कर विक्रय करना शुरू कर दिया इसी अनुक्रम में मेरे अभिभाष्य ने आप प्रेषिति को चार भूखण्डों का जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र बेचान किया है जो कि भूखण्ड संख्या 1 (कुल क्षेत्रफल 311.00 वर्गगज) भूखण्ड संख्या 2 (कुल क्षेत्रफल 396.25 वर्गगज) भूखण्ड संख्या 3 (कुल क्षेत्रफल 423.75 वर्गगज) भूखण्ड संख्या 4 (कुल क्षेत्रफल 501.25 वर्गगज) | यह कि मेरा अभिभाष्य सद्भावी विक्रेता है परंतु मेरे अभिभाष्य को जानकारी हुई कि उक्त भूमि के पास से एक नाला जिसका खसरा नं. 317/55, 318/ 55 व 93 बह रहा है, जिस पर जयपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों का यह कहना है कि उक्त नाले के आस-पास स्थित 80 मीटर जमीन नाले की है और इस प्रकार से जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा 80 मीटर की जमीन के लिए विवाद कारित किया जा रहा है जिस कारण से उक्त भूमि का सीमाक्षेत्र स्पष्ट नहीं हो पा रहा है और इसी विवाद के कारण आप प्रेषिति को आपके चारों भूखण्डों का उपयोग उपभोग करने में असमर्थता हो रही हैं और आपने उक्त भूखण्डों का मार्केट में बेचान के लिए बोला हुआ है। इस विषय पर मेरे अभिभाष्य ने दिनांक 24.01.2025 को श्रीमान तहसीलदार महोदय (तहसील- बस्सी, जयपुर), श्रीमान अधिकारी महोदय जयपुर विकास प्राधिकरण जोन- 13 एवं श्रीमान सेटेलमेंट कमीश्नर महोदय (जयपुर) को प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अधिकारियों से सीमाज्ञान की माप करवाने के लिए अनुरोध किया है और मेरे अभिभाष्य ने आपको एक सूचना नोटिस दिनांक 04.02.2025 जरिये रजिस्टर्ड पोस्ट दिया गया है यदि आप द्वारा उक्त भूखण्डों के बेचान के लिए किसी भी प्रकार का कोई भी इकरारनामा/ पावर ऑफ अटॉर्नी हस्ताक्षर किये गये या फिर किसी अन्य प्रकार से बेचान किया गया तो वह शुनिकरण माना जायेगा। सूचित रहे ।

भवदीय
(अनिल मोहता) एडवोकेट, मो.नं. 9314021355

**आम सूचना/लीगल नोटिस** मेरी अभिभाष्या श्रीमती सहर खान पत्नी मोहम्मद आरिफ खान, निवासी 35/223 प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर ने दिनांक 19.07.2024 को जरिये विक्रय अनुबंध पत्र नफीस अहमद खान पुत्र रईस अहमद खान से मकान नम्बर 35/220, योजना प्रताप नगर, हाउसिंग बोर्ड, सांगानेर जयपुर क्रय किया था। उक्त सम्पत्ति विवादग्रस्त है, जिसमें मेरा हक निहित है, जिसके लिये सक्षम न्यायालय में कार्यवाही की जा रही है, किसी भी व्यक्ति द्वारा उक्त सम्पत्ति नफीस अहमद खान के वारिसान से क्रय-विक्रय, हस्तान्तरण की जाती है तो वह फर्जीवाड़ी, धोखाधड़ी मानी जायेगी, जिसके लिये वह स्वयं जिम्मेदार होगा। सूचित रहें।
दिनांक-04.02.2025 नईमुद्दीन आकिल, एडवोकेट मो.नं. 9314656420

# 'रजिस्ट्रेशन करवा कर योजनाओं का लाभ लेवे किसान'

**पावटा।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में किसान खुशहाल होंगे। किसानों के सर्वागिण विकास हेतु नित नई योजनाओं और कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है, इसी कड़ी में भारत सरकार द्वारा संचालित एग्रीस्टैक योजनांतर्गत जिले में फार्मर रजिस्ट्री अभियान का आयोजन ग्राम पंचायत स्तर पर 5 फरवरी से शिविर आरम्भ होंगे।

उन्होंने बताया कि इस हेतु हर तहसील पर प्रत्येक ग्राम पंचायत में दिनांकवार शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित शिविरों में किसानों की विशिष्ट फार्मर आईडी बनाई जायेगी।

■ शिविरों का आयोजन कर पात्रों को लाभ सुनिश्चित करें - कपिल उपाध्याय

उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत प्रत्येक किसान को 11 अंको की विशिष्ट फार्मर आईडी प्रदान की जायेगी।

उपखंड अधिकारी कपिल उपाध्याय ने बताया कि किसानों द्वारा आईडी बनवाने के लिये आधार कार्ड, जमाबंदी, मोबाईल नम्बर की जरूरत होगी। भविष्य में किसानों को सरकारी योजनाओं व सेवाओं तक आसान पहुंच करने, पीएम किसान/सीएम किसान सम्मान निधि योजना, कृषि विभाग की अन्य योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिये फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से प्राप्त आईडी आवश्यक होगी।

जिला कलेक्टर ने सभी पात्र किसानों से अपनी अपनी ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में भाग लेकर योजना के अंतर्गत रजिस्ट्रेशन करवा कर लाभ लेने की अपील की है।

शिविर के अंतर्गत 5 फरवरी से 7 फरवरी तक उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत खेलना, लाडाकाबास, 10 फरवरी से 12 फरवरी तक तुलसीपुरा, ठिकरिया, बड़नगर, पाथरेडी, राजनौता, कैरोडी, तृतीय सप्ताह 17 फरवरी से 19 फरवरी तक भांकरी, चौबाला, 18 से 20 फरवरी तक प्रेमनगर, मंढा, पाछुडाला, जोधपुरा, 24 से 26 फरवरी तक वीटी नगर, भैंसलाना, फतेहपुरा खुर्द, 26 से 28 फरवरी तक भोनावास, टसकोला, टोरडा गुजरान, 3 मार्च से 5 मार्च तक बुचारा, द्वारिकपुरा, दांतील, 5 मार्च से 7 मार्च तक सुदरपुरा ढांढा, पुरुषोत्तमपुरा, 10 मार्च से 12 मार्च तक सुजातनगर, पंडितपुरा, भूरी भड़ाज, कुनेड, 17 मार्च से 19 मार्च तक पावटा प्रागपुरा नगरपालिका क्षेत्र में फार्मर रजिस्ट्री अभियान शिविर आयोजित होंगे।

### अर्जुन गुर्जर ने लहराया परचम

**निवाई।** व्यावसायिक शिक्षा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 2024-25 में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय झिलाय की कक्षा 9वीं का छात्र अर्जुन गुर्जर ने कौशल प्रादर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त कर टोंक जिले का नाम रोशन किया है। मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री मदन दिलावर की मौजूदगी में कौशल प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। अध्ययनरत छात्र अर्जुन गुर्जर ने राज्य स्तर प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। जिस पर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, अतिरिक्त जिला परियोजना अधिकारी, कार्यक्रम अधिकारी अनीश अख्तर, प्रधानाचार्या अनुराधा वर्मा, प्रशिक्षक श्वेता खंडेलवाल व कौशल मित्र प्रभारी बनवारीलाल मिश्रा ने छात्र अर्जुन गुर्जर के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 12/2025
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्री श्याम सुन्दर रावत पुत्र श्री मुरारी लाल रावत निवासी मकान नं. 111/219, विजय पथ, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर जयपुर-302020 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत युवा साथी संगठन चैरिटेबल ट्रस्ट कार्यालय पता 111/219, विजय पथ, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर जयपुर-302020 के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 29.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइंदा तारीख पेशी 08.04.2025
मोहर अदालत — सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग जयपुर

**विवादकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन**
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
न्यायालय...उपखण्ड अधिकारी...स्थान...कि. रेनवाल...
...तेजसिंह...विरूद्ध...सुरेन्द्र सिंह वगै....
वाद बाबत तकास्मा व स्थायी निषेधाज्ञा
वाद सं. 84सन 2024
नाम सुरेन्द्र सिंह पुत्र सुगनसिंह, कुलदीपसिंह पुत्र स्व. बृजराजसिंह, मंजू कंवर पत्नि स्व. बृजराजसिंह, किशोरकंवर पुत्री स्व. सुगमनसिंह, कमलकंवर पुत्री स्व. गुगनसिंह, गुणराज कंवर पुत्री स्व. सुगनसिंह, मोहनकंवर पुत्री स्व. सुगन सिंह, मृघुराज सिंह शेखावत पुत्र स्व. रघुवीर सिंह समस्त जाति राजपूत निवासी ग्राम लूनियावास तहसील कि. रेनवाल, गंगादेवी पत्नि भैरूराम, थडीदेवी पत्नि मूलचन्द, मोहनलाल पुत्र बुद्धाराम समस्त जाति कुमावत निवासी कुमावतों का मोहल्ला, लूनियावास, तहसील कि. रेनवाल, लक्ष्मीकंवर पत्नि रूप सिंह जाति राजपूत निवासी ए-45, सत्यनगर, खातीपुरा मार्ग, झोटवाडा जयपुर यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया शाखा चौमू जरिये प्रबन्धक, आंध्रा बैंक शाखा चौमू जरिये प्रबन्धक, राज. मरूधरा ग्रामीण बैंक शाखा बघाल जरिये प्रबन्धक, सब रजिस्ट्रार कि. रेनवाल, तहसीलदार कि. रेनवाल जिला जयपुर राज., विरूद्ध वाद घोषणा खातेदारी के लिये वाद पंजीयत किया है। आपका इस न्यायालय में तारीख 05.02.2025 को दिन में 10 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिए गये हों और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल/मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लिखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।
यह वाद ता. 31 माह 01 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
मोहर अदालत — आज्ञा से-रीडर न्यायालय उपखण्ड अधिकारी किशनगढ, रेनवाल

# विपक्ष दशा भटक गया है : बेढ़म

**टोंक।** पूरे देश में भगवान देवनारायण सवाईभोज की जयन्ती हर्षोउल्लास के साथ मनाई जा रही है। भीलवाडा के आंशीद सवाई भोज भगवान देवनारायण की 1113वाँ जयन्ती पूरे राजस्थान में प्रत्येक देवनारायण मन्दिर में हर्षोउल्लास से मनाई गई। भगवान देवनारायण ने राजस्थान के भीलवाडा जिले में प्रकट हुए और वह जब तक जीवत रहे तब तक समाज के लिए कार्य करते रहे। गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम भीलवाडा से जयपुर जाते समय एनएच 52 पर स्थित मेहता टायरवर्ल्ड पर भाजपा जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बेढम का साफा व माला सहित तलवार भेंट कर भगवान देवनारायण जयन्ती की शुभकामनाएं दी।

इस मोके पर मिडिया ने बात करते हुए बेढम ने बताया कि विपक्ष दशा भटक गया है, विपक्ष का मतलब होता है कि समय को देखते हुए कहे, पर वही टीकाराम जूली व गोविन्द सिंह डोटासरा चाहते है कि राजस्थान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पेपर लिक करने वालो के खिलाफ बडी मछलियां पकडी जाये तथा इस बेढम ने कहा कि उनकी मनोकामना पूर्ण होगी। हमारी सरकार इस ओर अच्छा कार्य कर रही है। इस अवसर पर महांमत्री दीपक संगम, खेमराज मीणा, महेन्द्र चौधरी, जिलामंत्री शशेलेन्द्र जैन, एड.शेलेन्द्र गर्ग, पार्षद हकीकमराय सौदा, प्रधान काबरा, विष्णु चावला, गुड्डु खटिक, सीताराम, नफीस मंत्री, तारीक अहमद, गुलाब सेठ इत्यादि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



बेढम का साफा व माला सहित तलवार भेंट कर भगवान देवनारायण जयन्ती की शुभकामनाऐं दी।

## लाडो की घोड़ी पर निकाली बिंदोरी

**श्रीमाधोपुर।** कस्बे के वार्ड नंबर 29 शिव कॉलोनी की बेटी अनीता (सरोज ) स्वामी परिवार अपनी बेटी की घोड़ी पर बैठ कर बिंदोरी निकाली। पिता किशन लाल स्वामी ने बताया कि बेटा और बेटी में कोई फर्क नहीं समझ कर बेटों की तरह ही बेटी की घोड़ी पर बैठ कर बिंदोरी निकाली गई है। ऐसा ही नजारा रात्री में श्रीमाधोपुर के ढाणी साध्यावाली से वार्ड 29 शिव कॉलोनी स्थित देखी गई । शुभम स्वामी पत्नी किशन (कृष्ण) अपनी लाडो बेटी सरोज को घोड़ी पर बैठाकर धूमधाम से डीजे के साथ बिंदौरी निकाली। ताऊ राधेश्याम स्वामी ने बताया कि आमजन को संदेश मिलता है की बेटा बेटी में फर्क नहीं होना चाहिए । बताया कि बेटियों को आगे बढ़ते देखकर बहुत खुशी होती है और इससे समाज में भी अच्छा संदेश जाता है। चाचा राजू स्वामी प्रिंसिपल एमजी स्कूल सिरोही ने कहा कि समाज में बेटियों को भी बेटों के समान ही मानते हुए उनकी शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। ताकि वे भी अच्छी शिक्षा प्राप्त कर देश, समाज व परिवार का नाम रोशन कर सकें। चाचा रोहिताश स्वामी ब्यावर होटल मालिक ने बताया कि लड़कियों को लड़कों से काम नहीं मानना चाहिए लड़कियां आज देश की सेवा में काम नहीं है ।पिता ने बताया कि बेटी अनिता (सरोज) की शादी धनी पीपल्यावाली नारे निवासी श्रीमती श्रीमती राजू देवी देवी पत्नी मदन दास के पुत्र बालवीर के साथ होगी। बिंदोरी के मौके पर मौके पर समाजसेवी पोलादास मंदिर पुजारी पूरणमल शर्मा ,सुमन शर्मा ,रामनारायण शर्मा, भवानी शंकर शर्मा ,ममता जाट ,परमेश्वर सोनी ,नेमीचंद स्वामी, बबीता शर्मा ,गजेंद्र जांगिड़ ,संपत स्वामी सहित परिवार के लोग व रिश्तेदार महिलाएं मौजूद थे ।

# ऋषि नवल साहब की जयंती पर अनुयायियों ने निकाली भव्य शोभायात्रा

**मनोहरपुर।** कस्बे में वाल्मीकि समाज की ओर से मंगलवार को ऋषि नवल साहब की जयंती के मौके पर कस्बे के मुख्य मार्ग से निकाली गई शोभायात्रा में श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा। ऋषि नवल साहब नवयुवक मंडल मनोहरपुर मंत्री मामराज बिवाल ने बताया कि शोभायात्रा वाल्मीकि मोहल्ले से रवाना हुई ।

जो कस्बे के मेडवाले मोहल्ले, अंबेडकर नगर ,बस स्टैंड रोड, गांधी चौक होते हुए वापस वाल्मीकि मोहल्ले जाकर विसर्जित हुई। ऋषि नवल साहब की तस्वीर का मनोहारी श्रृंगार किया गया ।शोभायात्रा में बड़ी संख्या में वाल्मीकि समाज के लोग मौजूद रहे। इस दौरान नवयुवक मंडल कार्यकर्ताओं ने एएसआई जयराम यादव, सामाजिक कार्यकर्ता संपूर्णानंद शर्मा, भाजपा युवा नेता राहुल मिश्रा, कांग्रेसी नेता शशिकांत बेनीवाल, विहिप शाहपुरा तहसील अध्यक्ष उमेश जांगिड़, महिपाल गुर्जर ,महिला कांस्टेबल सहित अन्य का गांधी चौक में माला एवम् दुपट्टा देकर स्वागत किया ।वही ग्रामीणों की ओर से वाल्मीकि समाज का भी भारत माता की तस्वीर भेंट कर स्वागत किया गया।



ऋषि नवल साहब की झांकी में शामिल वाल्मिकी समाज के लोग।

■ वाल्मीकि समाज की ओर से निकाली गई शोभायात्रा में श्रद्धालुओं का सैलाब

शोभायात्रा में ऋषि नवल साहब के जयकारों की गूंज रही। आगंतुक श्रद्धालुओं को पंगत प्रसादी दी गई।इस दौरान ने अध्यक्ष विजय कुमार बिवाल, सोनू कुमार, उपाध्यक्ष पवन कुमार ,सचिन मंत्री मामराज बिवाल ,कोषाध्यक्ष अजय कुमार, सोनू कुमार ,संजू कुमार , करण ,रितिक, विक्की, सचिन, रवि, विशाल, मनोज, मोहन ,राहुल, कन्हैयालाल सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

## नाम परिवर्तन

मैंने मेरा नाम इंद्रा कुमार निहालानी से बदलकर इंद्र निहालानी रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावें। इंद्र निहालानी,377 ब्रिज विहार, जगतपुरा, मालवीय नगर, जयपुर-302017

मैंने अपना नाम चेतन कुमार झालानी से बदलकर चेतन झालानी रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। पता 172/113 प्रताप नगर सांगानेर जयपुर।

मैं आर्मी नं. 16022335A राइफल मैन मान सिंह की यूनिट 17 Raj Rif (SM) है। मेरे सैन्य दस्तावेजों में मेरी पत्नी का नाम Arti Chouhan है जो कि गलत है। मेरी पत्नी का सिविल दस्तावेजों में सही नाम Aarti Chauhan है।

मैंने अपना नाम नितेश धानका से बदलकर नितेश कुमार धानका रख लिया है भविष्य में मुझे नितेश कुमार धानका पुत्र श्री ताराचन्द निवासी खाण्डे किराना स्टोर, सीताबाडी, धानको का मोहल्ला, झोटवाड़ा जयपुर से जाना जावें।

मैंने अपना नाम मनीष कुमार से बदलकर मनीष अग्रवाल कर लिया है, निवासी 56/47 रजत पथ मानसरोवर जयपुर

मैंने अपना नाम Suraj Parkash एवं Suraj Prakash Kalaniya से बदलकर Suraj Parkash Kalania कर लिया है निवासी ए-178 मालवीया नगर जयपुर

मैं कर्नल रजत, यूनिट 199 मीडियम रेजिमेंट। मेरे सैन्य दस्तावेजों में मेरा नाम "रजत" हैं जो कि गलत है। मेरा वास्तविक नाम रजत चौहान है।

I Rajni Sharma W/o Prashant Sharma, R/o 80-B, Burmese Colony, Jawahar Nagar, Jaipur. I have changed my name from Sharma Rajani to Rajni Sharma. In future I should be known as Rajni Sharma.

## खोया पाया

मेरे आवास 65/186 हीरा पथ, मानसरोवर, जयपुर का मूल आवंटन पत्र कहीं खो गया है जो राज. आवासन मण्डल द्वारा जारी है कृपया मिलने पर सूचित करें महिम माथुर, सुरभि रॉय माथुर-9828279474

जेडीए की योजना सेज पुनर्वास, ग्राम पालडी परसा, तहसील सांगानेर में स्थित व्यावसायिक भूखण्ड संख्या 601 के ओरिजनल जेडीए आवंटन पत्र एवं प्रथम मूल रजिस्ट्री कहीं खो गये है। मिलने पर सूचित करें। नीरज बालानी-9212198444

शंकर भवन गृ.नि.स.स.लि. की योजना राधा स्वामी नगर ग्राम बलरामपुरा उर्फ खेजडो का बास के भू.सं. 88 व 90 के विकास जैन पुत्र श्री प्रकाश चन्द जैन के पक्ष में तथा भू.सं. 89 जो कि आकाश जैन पुत्र श्री प्रकाश चन्द जैन के पक्ष जे.डी.ए. द्वारा जारी मूल पट्टा विलेख मय स्टाम्प पेपर व साईट प्लान कहीं खो गया है सूचित करें विशाल जैन मो. 9863091004

मेरा प्लॉट नंबर सी-1, सुंदर नगर जेडीए की योजना का मूल ओरिजिनल पट्टा, साइट प्लान और समस्त स्टांप पेपर कहीं गुम हो गए, जिसे मिलें सूचित करें-9660777555

जल महल गृह निर्माण सहकारी समिति की योजना भंवर भाई कॉलोनी प्लॉट नंबर 24-ए, का ओरिजिनल जेडीए पट्टा/साइट प्लान और समस्त स्टांप पेपर गुम हो गए मिलने पर सूचित करें। 8292110868

My name is Shashi Agarwal, resident of 1/201 New Vidyadhar Nagar, Jaipur. This is to inform all, that my Class 10 marksheet (ICSE 1992) has been fallen somewhere. Kindly return at given address if found.

## संक्षिप्त

### विद्यालय में आर.ओ. भेंट किया

**कोटपूतली।** स्थानीय बसंत प्रभु आदर्श विद्या मंदिर को आईडीबीआई बैंक कोटपूतली ने आरओ भेंट किया। ब्रांच हैड अनिल कुमार ने कहा कि हम चाहते हैं कि विधार्थी मन लगाकर पढ़ाई करें और अपने लक्ष्य को हांसिल करें। आईडीबीआई बैंक की इस पहल ने विद्यार्थियों के चेहरे पर मुस्कान ला दी। प्रधानाचार्य रामानंद चौधरी ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर मौजूद लोगों ने बैंक की इस पहल की प्रशंसा की और इसे विद्यार्थियों के भविष्य के लिये एक प्रेरणादायक कदम बताया। विद्यालय और बैंक के इस सहयोग ने यह सिद्ध किया कि समाज के हर वर्ग को शिक्षा और विकास में अपना योगदान देना चाहिये, ताकि आने वाली पीढियां एक उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ सकें। इस दौरान रिलेशनशिप ऑफिसर यशपाल यादव, मुकेश बंसल, विनोद कुमार गोयल, जितेंद्र चौधरी, रामकिशन सैनी, घड़सीराम गुर्जर, नरेश कुमार सैनी, नाथूराम जाट व संदीप यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### देवनारायण जयंती पर रात्रि जागरण का आयोजन

**चाकसू।** गांव जयसिंहपुरा,चाकसू में भगवान विष्णु के अवतार श्री देवनारायण जी के 1113 जन्मोत्सव पर देव महाराज मंदिर जयसिंहपुरा पर रात्रि जागरण हुआ। अरुण सिंह लोधा ने बताया कि जिसमें गायक कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी गई जिन्हें सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। एवं दिन में पूरे गांव वालों के लिए भोजन प्रसादी रही, जिनमें सभी गांव वालों को बैठाकर भोजन प्रसादी खिलाई गई इस कार्यक्रम को कार्य करने वाले अंबालाल लोधा, सीताराम लोधा,,जयपाल पटेल, जुगल लोधा, रमेश चन्द लोधा, मोतीलाल लोधा, रमेश लोधा, मुकुंद सिंह लोधा, फूल सिंह, छोटू लाल लोधा, सत्यनारायण लोधा, मंगल सिंह लोधा, सहित समस्त गांव के लोग शामिल हुएं और मंदिर पर धोक लगा कर आशीर्वाद लिए।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ

**दूदू ।** निकटवर्ती पड़ासोली स्थित बिफ एण्ड ब्राइट टीटी कॉलेज सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ निम्मी महर्षि द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दी प्रज्वलित किया गया इस अवसर पर गणेश वंदना में केशव सेन राधिका प्रिंस टीना शर्मा अंशिका द्वारा भजन प्रस्तुत किए गए समारोह में शामिल सभी छात्र-छात्राओं ने पीले वस्त्र धारण कर वसंत ऋतु का स्वागत किया, अंजु भारद्वाज ने विद्यार्थियों को शिक्षा व संस्कृति के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी तथा ज्ञान और संस्कार के मार्ग पर चलने को प्रेरित किया कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर आराधना पाठक ने किया।

### टैबलेट देकर सम्मानित किया

**दूदू ।** निकटवर्ती बिचून कस्बे में संचालित राजकीय महात्मा गांधी उच्च माध्यमिक विद्यालय में अध्यनरत छात्र अनमोल शर्मा को विभाग द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में उत्कृष्ट अंक लाने पर टैबलेट देकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर प्राचार्य जयप्रकाश यादव एवं समस्त विद्यालय परिवार के शिक्षक छात्र-छात्राएं मौजूद रहे शर्मा को टैबलेट मिलने के बाद चेहरा खिल उठा मौजूद विद्यालय परिवार ने बधाई दी ।

### मातृशक्ति सम्मेलन आज

**निवाई।** माध्यमिक सरस्वती विद्या मदिर में बुधवार को मातृशक्ति सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य गोविंदनारायण शर्मा ने बताया कि सम्मेलन में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक चैतन्य प्रकाश रहेंगे। सम्मेलन की अध्यक्षता आरजेएस मेघा जैन करेंगी। उन्होंने बताया कि विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष दिनेशकुमार शर्मा व व्याख्याता स्नेहा मीणा होंगी।

### श्री विश्वकर्मा जंयती पर भजन संध्या 9 को

**पीपलू।** पीपलू में श्री विश्वकर्मा जयंती पर रविवार को रात्रि भजन संध्या का आयोजन होगा। जिला मिडिया प्रभारी कृष्णकुमार जांगिड ने बताया कि रविवार को रात्रि भजन संध्या का आयोजन होगा। सोमवार को जिलेभर मे श्री विश्कर्मा भगवान की पूजा कर पकवानों का भोग लगाया जाएगा।

# भगवान श्री देवनारायण का 1113वाँ जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया

**कोटपूतली।** गुर्जर समाज के आराध्य, सुप्रसिद्ध लोक देवता भगवान श्री देवनारायण का 1113 वाँ जन्मोत्सव मंगलवार को श्री देवनारायण जनकल्याण संस्थान के तत्वाधान में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में श्रद्धालूओं ने अपार जोश, उल्लास व उत्साह के साथ संस्थान के प्रदेशाध्यक्ष शंकर लाल कसाना के नेतृत्व में भाग लिया।

ग्राम अमाई स्थित श्री भोमियां जी मंदिर से श्री देव महाराज की ध्वज पद यात्रा ग्राम पूतली स्थित श्री देवनारायण मंदिर पहुँची। जहाँ भगवान को ध्वज अर्पित किये गये। इस दौरान श्रद्धालूओं ने भगवान श्री देवनारायण के जयकारों के साथ ध्वज अर्पित किये।

साथ ही ग्राम खुर्दी, कल्याणपुरा खुर्द, पाथरेड़ी, पूतली व कसाना की ढ़ाणी से भी देव भक्तों के द्वारा लाये गये ध्वज अर्पित किये गये। सभी भक्तों का माल्यार्पण व तिलक लगाकर स्वागत किया गया।



भगवान देव नारायण को माला पहनाते देवनारायण जनकल्याण संस्थान के प्रदेशाध्यक्ष शंकर लाल कसाना व अन्य।

प्रदेशाध्यक्ष कसाना समेत समिति सदस्यों ने भगवान देवनारायण से सुख-शांति व समृद्धि की कामना की। कसाना ने कहा कि भगवान श्री देवनारायण ने समाज में व्याप्त अन्याय, अत्याचार, बुराईयों व कुरीतियों से संघर्ष किया।

- ग्राम पूतली स्थित श्री देवनारायण मंदिर में भगवान को ध्वज किये अर्पित, प्रसादी का हुआ वितरण
- श्रद्धालूओं ने भगवान श्री देवनारायण के जयकारों के साथ ध्वज अर्पित किये

उन्होंने समाज के सभी वर्गो व जातियों को साथ लेकर एकजुटता का संदेश दिया। इसी की आज के समय में आवश्यकता है। इस मौके पर प्रसादी का वितरण भी किया गया। आयोजन के दौरान महंत कैलाश दास, नांगल चौधरी विधायक मंजू चौधरी, विधायक प्रतिनिधि राधा देवी पटेल, करण प टेल, पीसीसी महासचिव देव कसाना, श्री देवनारायण सेवा समिति के अध्यक्ष दयाराम कसाना, भोमियां बाबा भक्त रामजीलाल कसाना, मंदिर समिति अध्यक्ष पन्नालाल कसाना, देव मंदिर भक्त मोहन लाल गुरूजी, एड. दयाराम गुर्जर, सरपंच लीलाराम कसाना, सुरेश दिल्ली पुलिस, प्रधानाचार्य पूरण कसाना व रामौतार गुर्जर, पंसस प्रतिनिधि विक्रम कसाना, एड. कमल कसाना, बिल्लू गुर्जर, कैलाश सुंदरपुरा, रामेश्वर कसाना, हीरालाल सेठ पूतली, योगेश पटेल, अशोक राज पटेल, यातायात सलाहकार सुभाष गुर्जर, मनीष, सोणाराम गुर्जर, लालाराम समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालू मौजूद रहे।

## समाज ने मनाई देवनारायण जयन्ती

**टोंक।** गुर्जर समाज टोंक द्वारा देवनारायण भगवान की 1113वीं जयन्ती के अवसर पर मंगलवार को बैंड एवं डीजे की धुनों के साथ विशाल कलश एवं शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा पुरानी टोंक के हीरा चौक मोहल्ले में स्थित देवनारायण मंदिर से शुरू हुई। महिलाए कलश लिए नोजवान डीजे पर देवनारायण के भजनों पर नाचते हुए साथ चल रहे थे।

शोभायात्रा पंचकुई दरवाजा से प्रारम्भ होकर घंटाघर, सुभाष बाजार, गाँधी पार्क, बमोर गेट स्थित देवनारायण मंदिर होते हुए सांड बाबा मन्दिर तक पहुंची। इस दौरान कालूराम रगल, नेहनूलाल पटेल, लक्ष्मी नारायण गुर्जर, रामप्रकाश बदुडी, कवरपाल गुर्जर, रामअवतार धाभाई, शिवराज गुर्जर, हरिभजन गुर्जर, रामलाल लांगड़ी, फतेहलाल गुर्जर, रामलाल कोली, किशन खाटरा सहित गुर्जर समाज के सैकड़ो महिला व पुरुष शामिल रहे।

# सड़कों पर जाम व जल भराव की समस्या से आनजन परेशान

**किशनगढ़ बास।** आमजन की समस्याओं को गंभीरता से लेकर समाधान करें, यह बात कहने में तो अच्छी लगती है लेकिन इस पर अमल कितना हो रहा है शायद यह देखने के लिए समय नहीं है। शहर में पिछले लंबे समय से तोप सर्किल से खैरथल तिजारा अलवर और बासड़ा रोड को जाने वाली मुख्य सड़क पर वाहनों के यातायात की जाम व सरकारी गंदे पानी निकासी के नालों के ऊपर अतिक्रमण की समस्या पैदल चलने वाले राहगीरों के लिए नासूर बनी हुई है।

तोप सर्किल से तिजारा अलवर खैरथल व बासड़ा रोड के मुख्य चौराहे के पास रोडवेज बस स्टैंड, प्राइवेट बसों व टेंपो रिक्शा का संचालन व सड़क के दोनों और फ्रूट खोमचा ठेले वालों के खड़े होने से बार-बार होने वाले जाम की समस्या के समाधान के लिए करीब 1 साल पहले प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी धीरज कुमार के एसडीएम रहते बस स्टैंड को मोठूका चौक पर स्थानांतरण किया जाना प्रस्तावित किया गया जो आज तक नगर पालिका की फाइलों में बंद है।

ऐसे ही शहर में गंदे पानी निकासी के नालों पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने की फाइल नगर पालिका की अलमारी में बंद है।

गंज रोड, मुख्य बाजार, बत्रा कॉलोनी, हॉस्पिटल आदि अनेक सरकारी कार्यालयों को बारिश के दिनों में जल भराव की समस्या से जूझ ना पड़ता है। शहर की जल भराव की समस्या के समाधान के लिए अनेक बार प्रशासनिक एवं नगर पालिका स्तर पर अतिक्रमण चिह्नित कर अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस दिए जाते हैं। परंतु हर बार नोटिस या तो फाइलों में बंद हो गए या फिर उन्हें रफा दफा कर दिया गया ।

- एसडीएम ने नगर पालिका अधिकारियों के साथ जोहड़ खाई सहित यातायात मार्ग का लिया जायजा

शहर में आबादी के बीच बने जोहड़ व खाई में मुख्य बाजार गंज रोड अलवर रोड खैरथल रोड सहित आसपास की कॉलोनी का पानी प्रतिदिन गदे नालों से पहुंचता है। इसकी सफाई पर नगर पालिका ने करीब 1 साल पहले 40 से 45 लाख रुपए सफाई पर शहर को जल भराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए खर्च किए परंतु जोहड़ व खाई की सफाई महज खाना पूर्ति कर रुपए उठा लिए गए और और समस्या ज्यों कि त्यों बनी है।

अब शहर के लोगों को जाम की समस्या के साथ-साथ चिंता इस बात की हों रही है कि आगामी बारिश के दिनों मे होने वाली जल भराव की समस्या का समाधान बारिश से पहले नहीं किया गया तो फिर से जूझना पड़ेगा।

हालांकि जल भराव की समस्या के समाधान के लिए अभी हाल ही में दो दिन पहले व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम मनीष जाटव से शिष्टाचार मुलाकात की है।

एसडीएम ने व्यापारियों को बारिश से पहले समाधान कराने के आश्वासन के साथ जाम की समस्या से शहर वासियों को निजात दिलाने के लिए बस स्टैंड स्थानांतरण किए जाने पर भी चर्चा की है।

# केबिनेट मंत्री कन्हैयालाल ने की मंडल अध्यक्षो की घोषणा

**मालपुरा।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय से मिले निर्देशो पर केबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने मंगलवार को मालपुरा टोडारायसिंह विधानसभा क्षेत्र मे सभी सात मंडल अध्यक्षो की घोषणा कर थमाया नियुक्ति पत्र। टोडारायसिंह नगरपालिका सभागार मे हुई संगठन की महत्वपूर्ण बैठक मे भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह मेहता,टोडारायसिंह

- नवनियुक्त अध्यक्ष जिनेन्द्र मेंदवास्या का भाजपाईयो ने जोरदार स्वागत कर राजस्थानी पगडी पहनाई

नगरपालिका पूर्व अध्यक्ष व संगठन के जिला महामंत्री संत कुमार जैन की उपस्थिति मे केबिनेट मंत्री ने विधानसभा क्षेत्र के मालपुरा शहर अध्यक्ष पद पर जिनेन्द्र मेंदवास्या तो टोडारायसिंह शहर अध्यक्ष पद पर सुनिल भारत की घोषणा कर दोनो ही शहर अध्यक्ष पदो का मंत्री व संगठन ने सामान्य वर्ग पर भरोसा जताया।

ग्रामीण क्षेत्र मे पचेवर मंडल अध्यक्ष पद पर ओबीसी वर्ग से धर्मवीर जांगिड, लाम्बाहरिसिंह मंडल अध्यक्ष सुनिल सोनी, लावा मंडल अध्यक्ष इन्द्रपाल चौधरी, मोर मंडल अध्यक्ष राजेश मीणा तो संवारिया मंडल अध्यक्ष पद पर शंकर लाल चौधरी को नियुक्त किया। मंगलवार की शाम मालपुरा भाजपा कार्यालय मे नवनियुक्त अध्यक्ष जिनेन्द्र मेंदवास्या का भाजपाईयो ने जोरदार स्वागत कर राजस्थानी पगडी पहनाई। इस दौरान वरिष्ठ भाजपाई राजकुमार जैन,भाजपा उद्योग प्रकोष्ठ प्रदेश पदाधिकारी नरेन्द्र जैन, निर्वमान अध्यक्ष त्रिलोक चन्द जैन, नन्दलाल डोई, राजेन्द्र कोठारी, धनरूप शर्मा, रामप्रसाद वर्मा, बैजनाथ चौधरी, विनोद चौधरी, कालू कठमाणा, रामअवतार कापडी, दिनेश शर्मा, भागचन्द गनवरिया, सहित बडी संख्या मे भाजपाई मौजूद रहै।



केबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने विधानसभा क्षेत्र मे सात मंडल अध्यक्षों की घोषणा की।

# निराश्रित बेसहारा गौवंश को आश्रय देंगे, 15 फरवरी तक चलेगा अभियान

**शाहपुरा।** श्री कृष्ण गोशाला अजीतगढ़ प्रबंधन कार्यकारिणी तथा आमसभा के प्रस्ताव के अतिरिक्त गौभक्तों के सुझावों के मुताबिक गोशाला प्रबंधन अजीतगढ़ शहर में सड़कों पर निराश्रित बेसहारा घूम रहे गौवंश को गोशाला में आश्रय देने की मुहिम शुरू कर रहा है। 5 से 15 फरवरी 2025 तक शुरू इस अभियान में प्रबंधन द्वारा सड़को से गाय, छोड़े बछड़े, बछड़ियों को गोशाला में आश्रय देने हेतु लेकर आएंगे। अक्सर देखा गया है कि सड़को पर प्लास्टिक, कचरा खाने से गौवंश बीमार और मौत का शिकार हो रहा है। गौवंश अक्सर भोजन, पानी और आश्रय की कमी के कारण दुखी और बीमार हो जाते हैं। श्री कृष्ण गोशाला अजीतगढ़ की इस पहल से न केवल इन गौवंश को आश्रय मिलेगा, बल्कि यह भी सुनिश्चित होगा कि वे सड़कों पर नहीं घूमेंगे और दुर्घटनाओं का शिकार नहीं होंगे। यह एक बहुत ही प्रशंसनीय कदम है और हमें उम्मीद है कि अन्य संगठन और व्यक्ति भी इस तरह की पहल में शामिल होंगे।

गोशाला की इस पहल के पीछे का उद्देश्य न केवल गौवंश को आश्रय प्रदान करना है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करना है कि वे स्वस्थ और सुखी जीवन जी सकें। गोशाला की यह पहल समाज में एक बड़ा परिवर्तन ला सकती है और गौवंश के जीवन में सुधार कर सकती है। श्री कृष्ण गोशाला अजीतगढ प्रबंधन कार्यकारिणी ने बताया कि गोशाला द्वारा काफी बार विभागीय निर्देश तथा स्वयं के अभियान चलाकर काफी बार गौवंश को गोशाला में आश्रय देने का कार्य किया जाता रहा हैं। लेकिन सड़को से लाए इस गौवंश को गोशाला लाने के बाद कई लोग अपने पालतू बताकर गोशाला से छुड़ाने आते है। इसलिए इस बार यह तय किया है कि 5 से 15 फरवरी तक सड़को से गौवंश को गोशाला लाने के अभियान संचालित होगा। इस समय में शहर के लोग अपने पालतू गौवंश को घरों में बांधकर रखे, अन्यथा जो गौवंश गोशाला आ जाएगा उसको छोड़ा नहीं जाएगा।

- आमजन, गौभक्त अपने पालतू गौवंश को घरों में बांधे, अगर अभियान के तहत सड़कों से गौवंश को गोशाला लाया जाएगा तो वापस नहीं लौटाया जाएगा

# पुलिस ने दो बाइक चोर पकड़े, 20 मोटरसाइकिल बरामद

**खैरथल।** खैरथल-तिजारा जिले में लगातार बढ़ रही बाइक चोरी की घटनाओं पर नकेल कसते हुए पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने दो कुख्यात वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 20 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। इस सफलता के साथ ही एक शातिर वाहन चोर गिरोह का खुलासा हुआ है।

जिले में बढ़ते वाहन चोरी के मामलों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार के निर्देशन और डीएसपी किशनगढ़बास राजेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में खैरथल थानाधिकारी राकेश कुमार के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया।

गठित टीम ने कार्रवाई कर राजेंद्र सिंह उर्फ बग्गी (20 वर्ष) निवासी मुबारिकपुर, थाना नौगांवा, जिला अलवर व जिन्द्रसिंह उर्फ सीन्द्रसिंह (24 वर्ष) निवासी मुबारिकपुर, थाना नौगांवा, जिला अलवर को गिरफ्तार किया। ये दोनों आरोपी लंबे समय से बाइक चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे थे और जिलेभर में सक्रिय थे।



पुलिस ने दो बाइक चोरो से बरामद की गई चोरी की बाइक।

पुलिस ने कस्बे में हो रही लगातार बाइक चोरी की घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी सहायता का सहारा लिया। संदिग्धों की पहचान करने के बाद पुलिस टीम ने एक विशेष रणनीति बनाई और जाल बिछाकर दोनों चोरों को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ पहले भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस अब इनके पुराने रिकॉर्ड खंगाल रही है और अन्य चोरी की वारदातों में इनकी संलिप्तता की जांच कर रही है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 20 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं, जो अलग-अलग स्थानों से चोरी की गई थीं।

इस कार्रवाई में थाना अधिकारी राकेश कुमार, डीएसटी टीम इंचार्ज दिनेश कुमार मीणा, ततारपुर थाना एएसआई सिद्दीक खान, हेड कांस्टेबल सत्यपाल, हेड कांस्टेबल कृष्ण यादव, हेड कांस्टेबल लक्ष्मण सिंह, कांस्टेबल भोजराज सिंह, कांस्टेबल वीरेंद्र कुमार, कांस्टेबल पुनित सिंह, कांस्टेबल ओमप्रकाश ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

- जिले में बढ़ती बाइक चोरी की घटनाओं को मध्य नजर रखते हुए एसपी के निर्देशन में गठित की गई पुलिस टीम

एसपी मनीष कुमार चौधरी ने कहा कि खैरथल पुलिस अपराध और अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए पूरी तरह सतर्क है। इस बड़ी कार्रवाई से कस्बे में वाहन चोरी की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगेगी।

## लैंस प्रत्यारोपण शिविर आज

**श्रीमाधोपुर।** जिला अंधता निवारण समिति जयपुर के आर्थिक सहयोग व रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज तथा बाबूलाल चोटिया की देखरेख में शंकरा आई हॉस्पिटल, जयपुर द्वारा बुधवार 5 फरवरी, 2025 को श्रीमाधोपुर के स्व चौधरी नाथूराम भामु रोटरी भवन श्रीमाधोपुर में "65 वां निःशुल्क मोतियाबिंद जांच और लैंस प्रत्यारोपण शिविर" का आयोजन किया जाएगा। क्लब के गिरिराज कयाल से प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होने वाले इस शिविर में मरीजों के आंखों की जांच की जायेगी तथा इनमें से चयनित मरीजों को निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन और लैंस प्रत्यारोपण के लिए शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर बस से रेफर किया जाएगा। जहां चयनित मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। बताया गया है कि चयनित मरीजों के आने-जाने कि व्यवस्था से लेकर मरीजों के खानपान व रहने की व्यवस्था निःशुल्क की जाएगी। इससे पहले आयोजित 64 शिविरों में पांच हजार 911 पंजीकरण किए गए जिनमें से एक हजार 814 मरीजों की आंखों के सफल ऑपरेशन हो चुके है।

## सार-समाचार

### धूमधाम से मनाई देवनारायण जयंती



**पीपलू।** कस्बे सहित क्षेत्र में मंगलवार को भगवान देवनारायण जंयती धूमधाम से मनाई गई। पीपलू में देवनारायण जयंती महोत्सव को लेकर गुर्जर छात्रावास से देवनारायण मंदिर तक गाजे-बाजे के साथ विशाल कलशयात्रा रवाना हुई। यात्रा में सैकड़ों महिलाएं सिर पर मंगल कलश धारण करते हुए शामिल हुई। कलश यात्रा में श्रद्धालु हाथों में निशान लेकर चले। जगह-जगह ग्रामीणों ने कलश यात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। कलश यात्रा में भक्ति भजनों की धुनों पर युवक-युवतियां नृत्य करती चल रही थी। उनके पीछे रंग-बिरंगे परिधानों में सजी महिलाए सिर पर कलश धारण कर मंगल गीत गाती हुई चल रही थी। कलशयात्रा गांव के विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनःमंदिर परिसर पर पहुंचकर विसर्जित हुई। जहां भंडारा प्रसादी का आयोजन हुआ। इस दौरान कमलेश भालोट, बद्री पटेल, दुर्गालाल, सत्यनारायण, कंवरपाल बिधूड़ी, रामजीलाल, मोरपाल, दयाराम बारवाल, रामावतार, भागचंद, मनोज व रामदयाल गुर्जर सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे।

### भण्डारे में भक्तों ने पाई प्रसादी

**नारायणपुर।** कस्बे के धाबाई की ढाणी में मंगलवार को गुर्जर समाज के आराध्य भगवान देवनारायण की 1113वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर भव्य मेले का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। देवनारायण भगवान को भोग अर्पित करने के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें गाँव और ढाणियों की महिला, पुरुष और बच्चों ने श्रद्धापूर्वक खीर-जलेबी का प्रसाद ग्रहण किया। जयंती समारोह के तहत धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। प्रसिद्ध गायक कलाकार शिम्भू मुसलोता, मक्खन, मुकेश और बलराम द्वारा धमाल प्रस्तुत किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु झूम उठे। सुबह से ही श्रद्धालु देवनारायण भगवान के मंदिर में दर्शन करने पहुंचे। जातरुओं ने मंदिर में धोक लगाई, प्रसाद चढ़ाया और परिक्रमा कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान श्रद्धालुओं की आस्था और भक्ति देखने लायक थी। कार्यक्रम में पूर्व पार्षद रामकरण धाबाई, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि हीरालाल धाबाई, विक्रम गोवल्या, मंगत राम खटाना, सोहन लाल, महावीर खटाना, रामेश्वर सराधना सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### हिन्दी कार्यशाला का आयोजन

**फुलेरा।** उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर मण्डल कार्यालय पर मंगलवार को हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय के सभाकक्ष में अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं अपर मण्डल रेल प्रबन्धक संजीव दीक्षित की उपस्थिति में राजभाषा नीति नियम, अधिनियम के साथ-साथ एचआरएमएस तथा योग एवं स्वास्थ्य विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। उपरोक्त जानकारी देते हुए वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक कृष्ण कुमार मीना ने बताया कि कार्यशाला के दौरान दीक्षित ने अपने वक्तव्य में बताया कि ऐसी कार्यशालाओं का आयोजन होते रहने चाहिए जिससे अधिकारियों एवं कर्मचारियों में हिन्दी में कार्य करने का उत्साह बना रहे। वहीं कार्यशाला में राजभाषा नीति नियम व अधिनियम हेतु वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी शिवचरण बैरवा व एचआरएमएस हेतु मण्डल रेल प्रबन्धक जयपुर कार्यालय अधीक्षक आशीष गौड तथा योग एवं स्वास्थ्य हेतु गोविन्द शर्मा, फार्मासिस्ट, जगतपुरा यूनिट मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। इस कार्यशाला में 20 कर्मचारियों ने भाग लिया।

### कार में लगी आग

**निवाई।** बरोनी थानान्तर्गत पीपलू रोड हाड़ी खुर्द टोल के समीप सीएनजी गैस चालित एक वेगनर कार की सीएनजी गैस टंकी में आग लग गई। जिससे कार जलकर राख हो गई। बरोनी थानाधिकारी बृजेन्द्रसिंह राठौड ने बताया कि सूचना मिली कि पीपलू रोड हाड़ी खुर्द टोल के आगे एक गाड़ी में आग लग गई है जिस पर थानाधिकारी राठौड मय जाप्ता के मौके पर पहुंचे। जहां सीएनजी गैस चालित कार की सीएनजी गैस टंकी में आग आग लग रही थी। जिस पर फायर ब्रिगेड वाहन को मौके पर बुलकार आग पर काबू पाया। आग लगने से कार जलकर राख हो गई। उन्होंने बताया कि कार में सवार चालक भूपेंद्र कुमार पुत्र राजेंद्रप्रसाद यादव निवासी नीमराना अलवर व उसका साथी अशोक पुत्र ओमप्रकाश जाट निवासी रघुनाथपुरा झुंझुनू को वायरिंग जलने की बदबू आने पर वह आनन-फानन में कार से उतरकर दूर जाकर खडे हो गए। जिससे दोनों सुरक्षित हैं। पुलिस ने मौके पर से जमा भीड़ को हटाया व यातायात सुचारू करवाया।

### श्री श्याम महोत्सव का शुभारंभ

**निवाई।** करने वाले श्याम कराने वाले श्याम सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित दो दिवशीय तृतीय श्री श्याम महोत्सव का शुभारंभ पांडाल पूजन के साथ किया गया। श्याम मन्दिर के पास बनने वाले पांडाल का पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी के सानिध्य में पंडित पूर्णानन्द शास्त्री ने विधिवत पूजन करवाया। पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी ने बताया की दो दिवशीय महोत्सव को लेकर 8 फरवरी को कंकाली माता मन्दिर से शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए श्याम मन्दिर तक बाबा श्याम का नगर भृमण होगा व 9 फरवरी को श्याम मन्दिर में विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा। जिसमे भजन सिंगर सुभम-रूपम कलकता, अजय शर्मा दोसा, राजू खंडेलवाल, शिवम म्यूजिकल ग्रप दिल्ली द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां देंगे। राजू खंडेलवाल ने बताया महोत्सव को लेकर तैयारियां जोर-शोर पर चल रही है।

### बदमाशो ने की टोलकर्मी को टक्कर मारने की कोशिश

**टोंक।** टोंक में अपराधियों के हौसले जमकर बुलंद नजर आए, इस दौरान कुछ बदमाशों ने अपनी गाड़ी से एक टोलकर्मी को टक्कर मारकर कुचलने का प्रयास किया। इसको लेकर एक सीसीटीवी फुटेज व विडियों में भी सामने आया है, जिसमें बदमाश गाड़ी से टोल बूथ के पास खड़े एक कर्मचारी को टक्कर मारकर कुचलने का प्रयास कर रहे हैं। इस घटना में दो कर्मचारी घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस मामले को लेकर टोल इंचार्ज ने बरौनी पुलिस थाने में चार आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया है, मामला डिग्गी-सोहेला स्टेट हाईवे पर हाड़ीकलां गांव के टोल नाके का है, जहां बीती रात करीब 10.30 बजे बदमाशों ने टोल कर्मी को कुचलना का प्रयास किया।

### 89 नैत्र रोगियो का निःशुल्क ऑपरेशन

**मालपुरा ।** रोटरी क्लब मालपुरा सीटी व जिला अंधत्ता निवारण समिति टोंक के तत्वाधान मे मंगलवार को आदिनाथ धर्मशाला मालपुरा मे निःशुल्क मोतियाबिन्द जांच एंव लैंस प्रत्यारोपण का शिविर आयोजित किया गया। एडवोकेट रवि कुमार जैन, क्लब के ऐजी डॉ. अंकित जैन, डॉ. राकेश जैन,अजीत सिंघी,ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवल्लित कर शिविर का शुभारम्भ किया गया। नैत्र रोग विशेषज्ञ चिकित्सको ने शिविर मे पहुंचे 162 जनो की आंखो की जांच कर 1०5 नैत्र रोगियो को निःशुल्क चश्मा वितरण किया गया। तो 89 नैत्र रोगियो का निःशुल्क ऑपरेशन के लिये चयन किया गया। जिनका जयपुर ले जाकर किया जायेगा ऑपरेशन।

### शोभायात्रा निकाली

**मालपुरा।** गुर्जर समाज के आराध्य देव भगवान देवनारायण की जयंति पर मंगलवार को टोडारायसिंह मे भव्य शोभायात्रा निकाली गई। कस्बे के श्याम देवरा से पूजा अर्चना कर बैण्ड-बाजो से शुरू हुई शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुये आसनेश्वचर महादेव मंदिर पहुंची। जहां विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये गये।

